इसी कड़ी में पर्यावरण दिवस को ले रविवार को पौधरोपण किया गया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अतिबला सिंह के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण व साफ–सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि स्वयंसेवक इस समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने स्वयंसेवकों द्वारा लगातार सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता की प्रशंसा कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. रंजीत पांडेय ने बताया कि स्वयंसेवक लॉक डाउन में व उसके बाद स्वतंत्र रूप से प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिला समाज को सही दिशा प्रदान करने में लगातार कार्यरत व प्रयासरत हैं। स्वयंसेवक प्रत्युष कुमार बघेल, ललित कुमार, नाथ कुमार, ओंकारनाथ अमर, नीतीश मिश्रा, प्रशांत कुमार, सोनू प्रसाद, चंदन सोनी आदि ने अहम भूमिका निभायी।

गृहमंत्री के जनसंवाद को ले उत्साहित दिखे कार्यकर्ता

नोखा। मुख्य बाजार स्थित डीएवी स्कूल प्रांगण में रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामेश्वर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए। मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष बृजबिहारी प्रसाद गुप्ता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष उमेश चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रीतम पटेल, विकास सिंह, जवाहर चौरसिया, विशाल , विश्वास कुमार रंजन आदि थे।

Scanned with OKEN Scanner

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने ऑनलाइन माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया.

21/06/2020

B+

स्वयंसेवकों ने एनएसएस कार्यक्रम सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय के निर्देश पर अपने-अपने घरों से योग करते हुए, अपनी तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करते हुए प्रतिदिन कम-से-कम आधा घंटा योग करने का संकल्प भी लिया।

खास बात यह है कि हजारों परिवार के सदस्यों ने भी स्वयंसेवकों का बखूबी साथ निभाया। इसके अलावा कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह और कार्यक्रम पदाधिकारी इकाई-02 ने भी योग करते हुए, इसे जीवन का अभिन्न अंग बताया।

अध्यक्ष/प्राचार्य

P.O.
N.S.S.I

Premium

Scanned with OKEN Scanner

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता के साथ ही वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। 21

Dt. 15/8/2020
B+

एसपी जैन कॉलेज, सासाराम में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के पत्रांक- पी 52/1/ NSS/ DTE/2020 /1064–1080 दिनांक 08-08-20 से 15-08-20 तक स्वच्छ भारत मिशन 'ग्रामीण'- के गंदगी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई करने के उपरांत विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार वृक्ष लगाएं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पदाधिकारी इकाई 02 से प्रो. अनिबाला सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह ने किया। इसके अलावा प्राध्यापकों में डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अलाउद्दीन अजीजी, प्रो. अनिबाला सिंह आदि मौजूद थे।

जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय ने स्वयंसेवकों द्वारा लगातार किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए, इसे आगे भी जारी रखने का निर्देश दिया।

अध्यक्ष/ प्राचार्य

P.O.
N.S.S. I

जैन कॉलेज में वृहद पैमाने पर किया गया पौधरोपण

[illegible]: एक संवाददाता

[illegible] के एसपी जैन महाविद्यालय [illegible] के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई [illegible] गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा [illegible] कार्यक्रम का आयोजन किया गया। [illegible] इस कार्यक्रम के दौरान [illegible] विद्यालय परिसर में साफ-सफाई [illegible] बाद वृक्षारोपण का कार्यक्रम [illegible] किया गया। [illegible] प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह की उपस्थिति में उपरोक्त कार्यक्रम [illegible] डॉ. रंजीत कुमार पांडे व [illegible] सिंह के निर्देशन में पूरे [illegible] परिसर में वृहद पैमाने पर [illegible] किया गया।

[illegible] को संबोधित करते हुए [illegible] सिंह ने बताया कि पर्यावरण [illegible] के लिए सभी लोगों को अपनी [illegible]

स्वच्छता पखवाड़ा पर छात्राओं ने निकाली रैली

सूर्यपुरा। मेगा स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली। स्वच्छता रैली शहर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से निकलकर प्रखंड कार्यालय होते हुए सूर्यपुरा मठ, बड़ा तालाब, बाजार होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल छात्राएं क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं छात्राओं ने लोगों से पौधारोपण कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की अपील की। इसके साथ ही वृक्ष बचाओ वृक्ष लगाओ के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेगा स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली बना कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

[illegible] सिंह, अंकिता कुमारी, शोभा कुमारी, अमन कुमार पाठक, [illegible] तिवारी, प्रद्युम्न, शैलेंद्र कुमार, [illegible] कुमार, दिव्यांश सिंह, राहुल कुमार, [illegible] कुमारी, [illegible] आदि थे।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य [illegible] के वेबिनार का आयोजन किया गया.

दि. 05/09/2022

एसबी जैन कॉलेज के एनएसएस इकाई-एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह की अध्यक्षता में एक वेबिनार का आयोजन हुआ। ~~कार्यक्रम का विषय- वर्तमान परिदृश्य में युवाओं की भूमिका~~

वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका व युवाओं की सहभागिता विषय पर वक्तव्य रखा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. राजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन की उप-प्रमुख सह बिहार महिला फुटबॉल संघ की सचिव डॉ. मधु उपाध्याय ने कहा कि थी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. अनिबाला सिंह ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय ने किया।

संचालन → स्वयंसेवक नीतीश कुमार मिश्रा.

अतिथियों का स्वागत → स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बहेल.

तकनीकी संयोजन → स्वयंसेवक सिद्धार्थ कुमार सिंह.

[signature]

P.O.
N.S.S. I

[signature]

अध्यक्ष/प्राचार्य

शहर के शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय में आयोजित वेबिनार में बोले प्राचार्य

शिक्षक समाज का होता है सबसे सम्मानित पद

- वर्तमान परिवेश में युवाओं की भूमिका पर था आयोजन
- कोरोना काल में युवाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

सासाराम | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

शहर के पूर्वी छोर स्थित शान्ति प्रसाद जैन महाविद्यालय में शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह की अध्यक्षता में एक वेबिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका व युवाओं की [illegible] विषय पर वक्तव्य [illegible] की। प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का सबसे सम्मानित पद होता है। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति व प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन से जब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मदिन मनाने के लिए आग्रह किया तो उन्होंने कहा कि [illegible] के रूप में मनाया जाए [illegible] उप प्रमुख सह बिहार महिला फुटबाल संघ की अध्यक्षा डॉ. मधु उपाध्याय ने कहा कि स्थापना काल से ही राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है।

राष्ट्र निर्माण में एनएसएस निभाती आ रही है सक्रिय भूमिका : डॉ. मधु

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. अतिबाला सिंह ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला नोडल [illegible] ने किया। स्वयंसेवक नीतीश कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत स्वयंसेवक प्रमुख कुमार बघेल ने तकनीकी व्यवस्था सिद्धार्थ सिंह ने किया। इस वेबिनार को महिला कॉलेज, डेहरी से प्रोग्राम ऑफिसर आशुतोष कुमार, अंजबित सिंह कॉलेज से प्रोग्राम ऑफिसर [illegible] कुमारी ने सम्बोधित किया। [illegible] डॉ. [illegible] कुमार [illegible], बृज [illegible] सिंह, [illegible] कुमार, ललित कुमार, [illegible] कुमार आदि कई छात्र उपस्थित थे।

एबीआर फाउंडेशन स्कूल के बच्चों ने मनाया वर्चुअल शिक्षक दिवस

वहीं शहर के एबीआर फाउंडेशन स्कूल के बच्चों ने मनाया वर्चुअल शिक्षक दिवस। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए एबीआर फाउंडेशन व एबीआर कीड्स फाउंडेशन के बच्चों ने शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों को याद किया। मौके पर बच्चों ने कई तरह के रंगारंग कार्यक्रमों की ऑनलाइन प्रस्तुति की। दसवीं कक्षा के विशाल, शिल्पी, शिखा, आस्था, अंकित, अजीत प्रकाश, भास्कर, शिवानी पटेल, आदित्य, शिवम,आयुषी, शुभ, स्मृति आदि ने ऑनलाइन कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया। विद्यालय सचिव डॉ. पृथ्वीपाल सिंह व प्रबंधक अनुपमा सिंह ने उद्घाटन किया। शिक्षकों द्वारा नाटक का मंचन भी किया गया। सचिव पृथ्वीपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस के दिन जहां बच्चे अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं। वहीं उन्हें अपने आदर्श शिक्षकों से प्रेरणा भी ग्रहण करना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

एनएसएस के 51वाँ स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

Dt. 24/09/2023
B+

एसपी जैन कॉलेज के एनएसएस इकाई एक व दो संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस के 51वें स्थापना दिवस को पूरी तन्मयता के साथ मनाया गया। राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत से हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सम्मानित कुलपति प्रो. देवी प्रसाद तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह, अतिथि वक्ता के रूप में एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. राजीव कुमार, अतिथि वक्ता (II) के रूप में संझौली प्रखंड की उप-प्रमुख सह स्वच्छता आइकॉन व बिहार महिला फुटबॉल संघ की सचिव डॉ. मधु उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसएस के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे श्री कृष्ण कुमार गुप्ता थे।

इस कार्यक्रम के संयोजक-सह- रोहतास जिला एनएसएस के नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय व कार्यक्रम के सह-संयोजक सह कार्यक्रम पदाधिकारी इकाई-2 प्रो. अनिबाला सिंह थे।

संचालन → स्वयंसेविका जया पांडेय
अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन → स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल
तकनीकी संयोजन → सिद्धार्थ कुमार सिंह.

P.O.
N.S.S.I

प्रो. प्र./प्राचार्य

Premium

गांधी जयंती

फिट इंडिया फ्रीडम रन-2021 — 24/10/20

गांधी जयंती के अवसर पर एसपी जैन कॉलेज के एनएसएस इकाई ने फिट इंडिया प्रोग्राम का आयोजन किया। इस दौरान महात्मा गांधी की 151वीं जयंती के अवसर पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह ने किया एवं निर्देशन जिला नोडल पदाधिकारी, एनएसएस डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी इकाई-02 ने किया। प्रो. अभिलाषा सिंह ने किया।

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवक अभिषेक कुमार बघेल, ललित कुमार, चंदन सोनी, राघवेंद्र कुमार, ओंकार नाथ अमर और प्रशांत कुमार आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

02.10.20
P.O.
N.S.S. I

प्राचार्य / प्रभारी

मतदाता जागरूकता गोष्ठी व रैली का किया गया आयोजन

मीडिया दर्शन/सासाराम (कार्यालय)। स्थानीय शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय के एनएसएस इकाई-1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविका जया कुमारी द्वारा रंगोली बनाकर मतदान संबंधी संदेश दिया गया। रंगोली बनाने में ज्योति कुमारी एवं हनी राज आदि ने सहयोग प्रदान किया। यह छात्र-छात्राओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ गुरु चरण सिंह ने सभी मतदाताओं से सोच-समझ कर वोट करने की अपील की। साथ ही स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संझौली प्रखंड की उप-प्रमुख डॉ मधु उपाध्याय ने एनएसएस के द्वारा किए जा रहे सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की और इस दशहरे के अवसर पर मां जगदंबा से सभी के कल्याण की कामना की। उन्होंने युवा मतदाताओं से मतदान महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। डॉ पांडेय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मतदाता का प्रतिशत दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इसका मतलब है कि जनता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही है। सभी स्वयंसेवक लगातार इस दिशा में कार्य करते रहें। हिंदी विभाग के प्राध्यापक व लेखक डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने भाषण में यह बताया कि वस्तुतः प्रजातंत्र शब्द प्रचलन में नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे राजा और राजतंत्र का आभास होता है। इसकी जगह लोकतंत्र शब्द का प्रयोग उचित है। साथ ही मतदान की जगह मताधिकार का प्रयोग किया जाना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिन्हा ने एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा कोरोना काल तथा वर्तमान को सक्रिय सामाजिक गतिविधियों हेतु उनकी प्रशंसा की तथा कहा कि एनएसएस की दोनों इकाइयां डॉ रंजीत कुमार पांडेय एवं प्रो अनिबाला सिंह के निर्देशन में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। प्रो अनिबाला सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को उनके योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा को डॉ मृत्युंजय सिंह, डॉ रौशन कुमार, डॉ स्वदेश कुमार, डॉ शिवकुमार रविदास, प्रो राम प्रकाश शर्मा ने भी संबोधित किया। जिला प्रशासन द्वारा चयनित कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार मिश्रा ने सभी स्वयंसेवकों को साथ लेकर फेसबुक, व्हाट्सएप तथा अस-पड़ोस के लोगों को लगातार जागरूक करने की बात बताई। स्वयंसेवक अनूप बघेल ने एनएसएस की गतिविधियों से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर से नोट लिए हुए ग्राम तारचंडी तक मतदाता जागरूकता संबंधी रैली निकाली गई। इसमें स्वयंसेवक चंदन सोनी, अविनाश सिंह, ओंकारनाथ अमर, प्रशांत कुमार, फैज अहमद, अंकित चौबे, सत्यम कुमार, शोभा कुमारी व प्रतीक पांडेय सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

Scanned with OKEN Scanner

मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली 27/10/2020

B+

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के एनएसएस इकाई-1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविका जया कुमारी द्वारा रंगोली बनाकर मतदान संबंधी संदेश दिया गया। रंगोली बनाने में ज्योति कुमारी एवं इनी राज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संझौली प्रखंड की उप-प्रमुख डॉ मधु उपाध्याय मौजूद रहीं। समस्त कार्यक्रम का आयोजन व संचालन जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।

सभा को डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ मृत्युंजय सिंह, डा रौशन कुमार, डॉ शिव कुमार रविदास, प्रो. राम प्रकाश शर्मा ने भी संबोधित किया। प्रो. अतिबाला सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को उनके योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसमें जिला प्रशासन के द्वारा चयनित कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार मिश्रा, स्वयंसेवक प्रत्यूष बघेल, चंदन सोनी, अविनाश सिंह, प्रशांत कुमार, फैज अहमद सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

P. O.
N.S.S.I

अध्यक्ष/प्राचार्य

युवा संकल्प कार्यक्रम में रोहतास ने दिखाई अपनी प्रतिभा

मीडिया दर्शन/सासाराम (कार्यालय)। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन युवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सूबे के 14 विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का स्थान पूरे राज्य भर में दूसरा रहा। ज्ञातव्य हो की राज्य एवं राज्य के बाहर से कुल 5200 प्रतिभागियों ने भिन्न-भिन्न विधाओं में हिस्सा लिया, इस प्रतियोगिता में

12 प्रतिभागियों ने शाहाबाद प्रक्षेत्र का नाम रौशन किया, जिसमें से दो प्रतिभागी रोहतास जिला से हैं। एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के छात्र प्रत्यूष कुमार बघेल ने निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, सासाराम की छात्रा सान्या सिंह ने नारा लेखन प्रतियोगिता में राज्य भर में विजेता घोषित होकर जिला का नाम रौशन किया। इस बड़ी उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह, एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत पाण्डेय, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर [illegible] सिंह एवं [illegible] विभागाध्यक्ष डॉ [illegible] ने हर्ष व्यक्त किया।

एसडीएम को ज्ञापन सौंप मुख्य नाला की किया मांग

मीडिया दर्शन/डेहरी ऑन सोन। एस डी एम सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंप मुख्य नाला की सफाई की मांग किया है। वार्ड नंबर 20 न्यू डिलिया निवासी के द्वारा शनिवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वाले [illegible] कुमार दिनेश चौधरी प्रमोद पटेल ओमिंदर कुमार धर्मेंद्र सिंह आदि के अनुसार वार्ड में स्थित मुख्य नाला का नगर परिषद के द्वारा विगत कई वर्षों से सही ढंग से सफाई का कार्य नहीं कराया गया है। बल्कि सफाई के नाम पर मात्र खानापूर्ति किया जाता है और सफाई की राशि बंदरबांट कर लिया जाता है। वहीं मुख्य नाला के सफाई सही ढंग से नहीं होने और [illegible] के कारण घरों में भी नाली का पानी घुस रहा है और हल्की वर्षा होने पर पूरा मोहल्ला जलमग्न हो जा रहा है। नाले की सफाई के लिए नगर परिषद अधिकारी से कई बार मांग भी किया गया है लेकिन नगर परिषद के द्वारा इस मामले में [illegible] नहीं दिखलाया गया। इस मामले में वार्ड पार्षद भी तत्पर नहीं है और उनके द्वारा रुचि भी नहीं दिखाया जाता है।

राष्ट्रीय युवा दिवस-2021 12/01/2021

दिनांक 12 जनवरी 2021 को शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय, सासाराम के एनएसएस प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मृत्युंजय सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मृत्युंजय सिंह, जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय एवं कार्यक्रम पदाधिकारी द्वितीय इकाई प्रो अतिबाला सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

डॉ अलाउद्दीन अजीजी, ~~ने कहा कि~~, डॉ शशिकला कुमारी डॉ रोशन कुमार आदि ने भी इस सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अतिबाला सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ स्वदेश कुमार, डॉ इनामुल हक, स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल, सिद्धार्थ कुमार, ओंकार नाथ अमर, रुचि कुमारी एवं चंदन सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

P.O.
N.S.S.I

अध्यक्ष / प्राचार्य

Premium

पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

जागरण संवाददाता, सासाराम : नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। स्कूलों व कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व छात्रों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही देश की आजादी को याद किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सासाराम नगर इकाई द्वारा स्थानीय शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय के खेल मैदान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नगर मंत्री सूरज सिंह के नेतृत्व में मनाई गई। शुरुआत नगर एसएफडी प्रमुख पुनीत पांडेय ने परिषद गीत के माध्यम से की। [illegible] नगर सह मंत्री रौशन [illegible] [illegible] शंकर महाविद्यालय सासाराम के प्राचार्य डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय, विश्वविद्यालय संयोजक यश उपाध्याय, जिला संयोजक अभिषेक सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित पांडेय, विशाल सहसरामी, नेहा कुमारी, मुक्ता कुमारी, सुरभि सुमन, राज नंदिनी सोनी, आदित्य कुमार, [illegible] कुमार, [illegible] कुमार, [illegible] कुमार, अभय पाल, रोहन कुमार गुप्ता, उत्सव कुमार, प्रताप सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

वहीं एसपी जैन कॉलेज एनएसएस इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जिला [illegible] पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय के नेतृत्व में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ने असहायों के बीच ऊनी वस्त्र का वितरण किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल, ललित कुमार, चंदन कुमार सोनी, राघवेंद्र कुमार, अंकित कुमार चौबे आदि थे।



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा रेलवे स्टेशन पर असहायों को बांटा जा रहा गर्म कपड़ा ● जागरण

Scanned with OKEN Scanner

27

23/01/2021

राष्ट्रीय पराक्रम दिवस-2021 B+

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के एनएसएस प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं-सेवकों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय पराक्रम दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में निर्देशन एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। ~~कार्यक्रम जिसमें~~
इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा नए ऊनी वस्त्र खरीदकर रेलवे स्टेशन परिसर के आसपास गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवक प्रत्युष कुमार बघेल, ललित कुमार, चंद्रन कुमार सोनी, राघवेंद्र कुमार, अंकित कुमार चौबे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

P. O.
N.S.S. I

अध्यक्ष/प्राचार्य

Premium
Scanned with OKEN Scanner

एसपी जैन में सड़क सुरक्षा पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित

जागरण संवाददाता, सासाराम : स्थानीय शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय में एनएसएस प्रथम इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत वेबिनार का आयोजन किया गया। आयोजक सह एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रंजित कुमार पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार एवं झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक के प्रतिनिधि सह पटना के युवा अधिकारी प्रियव्रत मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम को कॉलेज के प्राचार्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस संयोजक एवं संरक्षक डॉ. प्रो. गुरुचरण सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव कुमार ने सड़क दुर्घटना से संबंधित अपना अनुभव साझा किया। कहा कि सावधानी हटी-दुर्घटना घटी यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच की कड़ी है। डीटीओ मो. जियाउल्लाह ने सड़क परिवहन से संबंधित नियमों-परिनियमों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि अक्सर देखा जाता है कि रोहतास में लोग यातायात संकेतक चिन्हों का पालन नहीं करते। ऐसा करके वे अपने साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डालते हैं । 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों द्वारा गाड़ी चलाने पर 25 हजार का जुर्माना तथा उनके अभिभावकों पर केस दर्ज करने का प्रावधान है। गाड़ी में आवश्यक सभी कागजात हमेशा साथ लेकर चलना चाहिए। दुर्गा मोटर ट्रेनिंग स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर छोटेलाल

एसपी जैन कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर आयोजित वेबिनार में उपस्थित डीटीओ मो. जियाऊल्ला के साथ एनएसएस स्वयंसेवक • जागरण

भी गाड़ी खड़ी नहीं करनी चाहिए। साथ ही अपना लेन छोड़कर इधर-उधर गाड़ी ले जाने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। हेलमेट और सीट बेल्ट को एक आदत की तरह अपनाया जाना चाहिए। गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण शहर के साथ-साथ ग्रामीण लोगों को भी प्रदान करने की आवश्यकता है। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अलाउद्दीन अजीजी के अलावा स्वयंसेवक चंद्रपति सिंह, नीतीश कुमार मिश्रा एवं प्रत्यूष कुमार बघेल ने भी सड़क दुर्घटना से संबंधित आंकड़ों एवं सावधानियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वेब संगोष्ठी को एनएसएस सदस्य कुमारी जया द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जबकि वेब संपादन स्वयंसेवक सिद्धार्थ कुमार सिंह के द्वारा किया गया। चंदन कुमार सोनी नेरा पेंटिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी निर्देशों की जानकारी दी गई। एनएसएस भोजपुर के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. कृष्ण चंद्र चौधरी ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि

17/02/2021

सड़क सुरक्षा माह - 2021

B+

स्थानीय शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय, सासाराम की एनएसएस प्रथम इकाई के द्वारा सड़क सुरक्षा माह से संबंधित वेबीनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक-सह-रोहतास जिला एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार एवं झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक के प्रतिनिधि के तौर पर श्री श्रीयव्रत मंडल, युवा अधिकारी, बिहार पटना उपस्थित थे। मुख्य संरक्षक वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एन एस एस संयोजक एवं संरक्षक डॉ राजीव कुमार एवं संरक्षक के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने बैठक को संबोधित किया।

वेब संगोष्ठी में उपस्थित मुख्य वक्ता रोहतास के जिला परिवहन पदाधिकारी मो. जिया उल्लाह खान ने सड़क परिवहन से संबंधित नियम-परिनियमों की व्याख्या की। दुर्गा मोटर ट्रेनिंग स्कूल, रोहतास के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री छोटेलाल सिंह ने भी इस परिप्रेक्ष्य में सकारात्मक सुझाव दिया।

स्वयंसेवक चंद्रमुनि सिंह, नीतीश कुमार मिश्रा एवं प्रत्यूष कुमार बघेल ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटना से संबंधित आंकड़ों एवं सावधानियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वेब संगोष्ठी को स्वयंसेविका कुमारी जया के द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जबकि वेब संपादन स्वयंसेवक सिद्धार्थ कुमार सिंह के द्वारा किया गया। चंदन कुमार सोनी के द्वारा पेंटिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी निर्देशों

Premium

की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को डॉ अलाउद्दीन अलीजी ने भी संबोधित किया। इसके अलावा एनएसएस भोजपुर के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ कृष्ण चंद्र चौधरी ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

वेब संगोष्ठी में मीडिया से श्री राणा अवधूत सिंह, श्री विनोद सिंह, स्वयंसेवक सत्यम कुमार, प्रशांत कुमार, ओंकार नाथ अमर, अरशद खान आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रत्यूष कुमार बघेल द्वारा किया गया।

P.O.
N.S.S. I

अध्यक्ष/प्राचार्य

सच्चाई की राह........
बिहार दर्शन न्यूज
BIHAR DARSHAN NEWS
www.livebihardarshan.com
सासाराम, गुरुवार 15 अप्रैल, 2021

टीका उत्सव' को सफल करने के लिए अथक परिश्रम कर रहे एनएसएस स्वयंसेवक

सासाराम, बिहार दर्शन। राष्ट्रीय और सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए लगातार खडे रहने वाले शान्ति प्रसाद जैन महाविद्यालय, सासाराम के एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवक एक बार फेर प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे टीका उत्सव को सफल बनाने के लिए सक्रिय हो गए है। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ0 रंजीत कुमार पांडेय के नेतृत्व मे प्रोफेसर डॉ0 शिवकुमार रविदास, शशिकला कुमारी, कविता कुमारी ने स्वयंसेवको पर पुष्प वर्षा कर उन्हे महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव तारगंज विदा किया। डॉ0 पांडेय ने बताया कि कोरोना की दुसरे लहर को देखते हुए सिर्फ छह सक्रिय स्वयंसेवक प्रत्युष कुमार बघेल, नीतीश कुमार मिश्र, विशाल गुप्ता, ओंकारनाथ अमर, प्रशांत कुमार और अंकित चौबे को मास्क, सेनिटाइजर

और ग्लैब्स देकर विदा किया गया। डॉ0 पांडेय ने सभी स्वयंसेवको से अपने अपने सोशल मीडिया से समाज में टीकाकरण हेतु जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। स्वयंसेवको ने तारगंज गांव मे कम पढ़े लिखे लोग, बुजुर्ग लोग और ऐसे लोग जो स्वयं जाकर टीके नही लगा सकते उन सब का नाम नोट किया। स्वयंसेवको ने बताया कि आजेन जिन लोगो का नाम नोट किया है, उन सभी लोगो को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर ही टीका दिलवाई जाएगी। गौरतलब है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 11 अप्रैल यानि ज्योतिबा फुले जयंती से 14 अप्रैल यानि अम्बेदकर जयंती तक चलाया गया।

P.O.
NSS I

30

टीका उत्सव – 2021 12/04/2021

B+

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'टीका उत्सव' मनाया जा रहा है। स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय के नेतृत्व में डॉ. शिव कुमार रविदास, डॉ. शकिला कुमारी, डॉ संगीता कुमारी, इं. अरविंद कुमार मिश्रा ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें महाविद्यालय के द्वारा गोद लिए गांव नरवांव विदा किया।

कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए सिर्फ छह स्वयंसेवकों में प्रत्यूष कुमार बघेल, नीतीश कुमार मिश्रा, विशाल गुप्ता, ओंकार नाथ अमर, प्रशांत कुमार और अंकित चौबे को मास्क, सैनिटाईजर और ग्लोव्स देकर ~~जागरूक करने को प्रेरित किया गया।~~ ग्रामीणों को टीका लेने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।

P.O.
N.S.S. I

कार्यवाह/ प्राचार्य

Premium

14/04/2021

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती - 2021

B+

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में डॉ भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम-सह-जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजय कुमार पांडेय ने भी अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत कर रहे महाविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ प्रेम प्रभात ने उनकी सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला।

सभा को स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवक विशाल गुप्ता, ओंकार नाथ अमर, प्रशांत कुमार, अमृतांशु कुमार, प्रदीप कुमार, हरविंदर सिंह आदि ने बखूबी भूमिका निभाई है।

P.O.
N.S.S. I

अध्यक्ष / प्राचार्य

सच्चाई की राह........

बिहार दर्शन न्यूज

सासाराम, शनिवार 17 अप्रैल, 2021 www.livebihardarshan.com

एसपी जैन कॉलेज में श्रद्धा के साथ मनाई गई

अम्बेडकर की 130वीं जयंती

सासाराम (रोहतास), बिहार दर्शन। जिले के पुरातन महाविद्यालयों में शुमार [illegible] जैन कॉलेज के [illegible] इकाई के तत्वावधान में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और नमन कर किया गया। इस कार्यक्रम की

प्रयास जीवंत हो गए। साथ ही उन्होंने कहा कि अम्बेडकर के तीन मूल उद्देश्य वर्तमान युग में हम सभी के लिए प्रेरणादायी है, जो कि शिक्षित होना, संगठित होना एवं संघर्ष करना है।

इसी क्रम में स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान दौर में उनके विचार युवाओं के लिए काफी प्रासंगिक है।

30/05/2021

कोविड जागरूकता अभियान

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के कुछ स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन परिसर के समीप झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं असहाय लोगों के बीच जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके साथ ही उनके बीच मास्क, सैनिटाइजर एवं अन्य उपयोगी पदार्थों का वितरण किया गया तथा उन्हें कोरोना रोधी वैक्सीन के तथ्यों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम को फलीभूत करने हेतु स्वयंसेवकों में प्रद्युम्न कुमार बघेल, विशाल गुप्ता, ओंकार नाथ अमर, प्रशांत कुमार, अमृतांशु कुमार, अरशद खान, अंकित कुमार चौबे एवं चंदन सोनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

P.O.
N.S.S. I

अध्यक्ष / प्राचार्य

दैनिक भास्कर सासाराम 01-06-202

़नएसएस स्वयं सेवकों ने मास्
़र कोविड जागरुकता अभिय

सिटी रिपोर्टर | सासाराम

ानीय एसपी जैन कॉलेज के ़एसएस स्वयं सेवकों ने रेलवे ़्शन परिसर के समीप झुग्गी-ोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं ़सहाय लोगों के बीच जाकर ़ास्क, सैनिटाइजर एवं अन्य उपयोगी पदार्थों का वितरण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने किया। स्वयं सेवकों ने वितरण कार्यक्रम दौरान उन्हें कोरोना रोधी वैक्सीन के तथ्यों से अवगत करते हुए यथाशीघ्र टीकाकरण कराने हेतु सलाह दी । तत्पश्चात इस महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के द्वारा गोद लिए गांव तारगंज में जाकर लोगों के बीच उक्त सामग्री का वितरण किया गया। स्वयं सेवकों ने गांव के लोगों में सम्बंधित वैक्सीन लेने हेतु फैली हुई भ्रान्तियों को दूर

मास्क वितरण करते एनएसएस स्वयं सेवक

करने का भरसक प्रयास किया। उन्हें गांव के माहौल को भय मुक्त बनाने के साथ अपनी बारी आने पर नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोरोना का टीका लेने की सलाह भी दी। साथ ही ग्रामीणों के आग्रह पर दिव्यांग जनों के टीकाकरण में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस दौरान मौजूद सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ मिलकर जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस

महाम
अपने
होगी,
के स
को स
कर
कुमार
नाथ
कुमार
चौबे
थे।

05/06/2021

Dt. ______ Pg. ______ B+

विश्व पर्यावरण दिवस-2021

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय कैंपस और इसके द्वारा गोद लिए गांव मारगंज में जन-जागरूकता अभियान के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिले की स्वच्छता आईकॉन डॉ मधु उपाध्याय व राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए पौधारोपण किया। शहर के एसपी जैन कॉलेज के परिसर व इसके आसपास भी कई फलदार पौधे लगाये।

इससे पहले संझौली प्रखंड की उप प्रमुख व एनएसएस वालंटियर प्रत्यूष बघेल ने वन पदाधिकारी, रोहतास प्रद्युम्न गौरव से मिलकर पौधारोपण के लिए 200 पौधे निर्गत कराएं।

मौके पर प्रत्यूष बघेल, ओंकार नाथ कुमार, अंकित, चंदन सोनी, अमृतांशु कुमार, अरशद खान, प्रशांत कुमार आदि का अतुलनीय योगदान रहा।

P.D.
N.S.S. I

अध्यक्ष/प्राचार्य

विश्व पर्यावरण दिवस. जिले भर में लगाये गये पौधे, संरक्षण की हुई बात

पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर

प्रतिनिधि, सासाराम सदर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जिलेभर में पौधे लगाये गये. चाहे अधिकारी हो या समाजसेवक, हर किसी ने अपने अपने क्षमता अनुसार पौधे लगा कर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश दिया. इस क्रम में उप विकास आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद ने भी पौधारोपण किये. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है. पेड़ पौधे की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डालते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्मियों के साथ वृक्षों में रक्षा सूत्र बांध वनरक्षक की शपथ ली गयी. इससे पहले उप प्रमुख ने वन पदाधिकारी कुमार गौरव से मिल पौधारोपण कार्यक्रम के लिए 200 पौधे निर्गत कराएं. राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स प्रत्यूष कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम रविवार को भी कैमूर पहाड़ी स्थित ताराचंज गांव में जाकर किया जायेगा. इस अवसर पर लोगों को

21/06/2021

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2021

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसपी जैन कॉलेज सासाराम के एनएसएस इकाई के द्वारा जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार मांडेय के नेतृत्व में एक वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शीर्षक 'मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन वृत्ति परामर्श' था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय, बिहार और झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक श्री पीयूष निरंजन परांजपे थे। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ राजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों के काउंसलिंग हेतु नागपुर महाराष्ट्र से मनोवैज्ञानिक परामर्श दात्री डॉ सोनी दुबे एवं एनएसएस के भोजपुर जिला नोडल पदाधिकारी डॉ कृष्ण चंद्र चौधरी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका शिखा खान के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल ने किया।

इस कार्यक्रम से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योगाभ्यास में प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह, जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार मांडेय एवं कई स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

P.O.
N.S.S.

अध्यक्ष / प्राचार्य

Premium

युवा संकल्प कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

सासाराम | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा शनिवार की देर शाम अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन युवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सूबे के 14 विश्वविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना ...एनएसएस से जुड़े छात्र-छात्राओं

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

- ऑनलाइन युवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का स्थान पुरे राज्य भर में दूसरा रहा

शाहाबाद प्रक्षेत्र का नाम रौशन कियो शाहाबाद के इन बारह प्रतिभागियों को विभिन्न वर्गों में बेहतर प्रदर्शन के लिए ...गया। जिसमें से दो प्रतिभागी रोहतास

प्रतिभागियों को नगद राशि और ऑनलाइन प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार सिन्हा और वरीय अधिकारी आलोक सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी राष्ट्रसेवा से जुड़े रहने की अपील की। कालेज के छात्रों की इस बड़ी उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह, एनएसएस जिला इकाई के नोडल पदाधिकारी डॉ ...पांडेय, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.

कोविड-19 टीकाकरण कैंप

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के एनएसएस प्रथम इकाई के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में सदर अस्पताल, सासाराम के द्वारा से निःशुल्क कोविड-19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया।

एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने बताया कि इस कैंप में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस प्रथम इकाई के द्वारा गोद लिए गए गांव नारगंज के ग्रामीणों का टीकाकरण कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने किया। इस कार्य में स्वयंसेवक प्रद्युम्न कुमार बघेल, विशाल गुप्ता, ओंकार नाथ अमर, अंशुमा शैलेश, सिद्धार्थ कुमार, लिशा खान, बुशरा तरन्नुम, प्रशांत कुमार, स्वाति श्रीवास्तव, अमृतांशु कुमार, वैष्णवी कुमारी, प्रदीप कुमार, सदफ फातमा, जया कुमारी, शशि भूषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

केयर इंडिया सासाराम के विक्रम राज, आशीष कुमार, विवेक मिश्रा, एएनएम पूनम कुमारी एवं प्रमिला कुमारी तथा टीका एक्सप्रेस के चालक कन्हैया मांडेय ने बखूबी भूमिका निभाई।

P.O.
N.S.S I

अध्यक्ष / प्राचार्य

एसपी जैन कॉलेज में पांच सौ लोगों को लगा टीका

प्रतिनिधि, सासाराम ऑफिस

शांति प्रसाद जैन कॉलेज के एनएसएस प्रथम इकाई के सहयोग से कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दो दिवसीय टीकाकरण कैंप का आयोजन हुआ. इसमें करीब 500 लोगों ने टीका लगवाया.

केयर इंडिया सासाराम के विदेह राज ने बताया कि दोनों दिन मिला कर लगभग 500 लोगों ने टीका लिया. इस अभियान में उनके साथ आशीष कुमार पटेल, विवेक मिश्रा, एएनएम पूनम कुमारी व प्रमिला कुमारी तथा टीका एक्सप्रेस के चालक कन्हैया पांडेय ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने बताया कि इस कैंप में कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं

एसपी जैन कॉलेज परिसर में टीका लगवाता लाभार्थी.

एनएसएस प्रथम इकाई द्वारा गोद लिये ... टीकाकरण कराया गया. प्राचार्य डॉ

लोकहित में बहुत ही सराहनीय है. उन्होंने बताया कि विगत 16 जुलाई को एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्राम तारगंज के ग्रामीणों के बीच टीकाकरण कैंप की जानकारी दी थी और सभी को महाविद्यालय परिसर में ला कर टीकाकरण कराया.

कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं का भी टीकाकरण किया गया. स्वयंसेवकों ने विधि व्यवस्था बनाने में भरपूर मदद की. इस कार्य में प्रत्यूष कुमार बघेल, विशाल कुमार गुप्ता, ओंकारनाथ अमर, अनुषा शैलेश, सिद्धार्थ कुमार, लिशा खान, बुशरा तरन्नुम, सदफ फातमा, प्रशांत कुमार, स्वाति श्रीवास्तव, अमृतांशु कुमार, वैष्णवी कुमारी, प्रदीप कुमार, जया

07/08/2021

न्यू इंडिया @75 अभियान पर विचार-विमर्श

स्थानीय एसपी जैन कॉलेज, सासाराम के प्राचार्य कार्यालय में न्यू इंडिया @75 अभियान के तहत आने वाले दिनों में कार्यशाला/वर्कशाप के आयो. करने पर विचार-विमर्श किया गया।

~~इसके संक्षिप्त बैठक में प्राचार्य~~

इस संक्षिप्त बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ गुरु-चरण सिंह ने किया। इसके साथ ही एनएसएस-रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सहायक निदेशक, युवा श्री आलोक कुमार सिंह ने अभियान में मजबूती लाने हेतु जिला व उक्त अभियान के ब्रांड एंबेसडर प्रद्युम्न कुमार बघेल व लिखा खान को कई अहम सुझाव दिया।

इस दौरान कॉलेज के अन्य प्राध्यापक व स्वयंसे. में अरशद खान, अमृतांशु कुमार आदि मौजूद

P.O.
N.S.S.I

अध्यक्ष/प्राचार्य

नियंत्रण संगठन युवक-युवतियों के साथ स्थापित करेगा संवाद

'5 अभियान का होगा आगाज

।को ले आयोजित जूम मीटिंग मे शामिल प्रत्यूष कुमार, लिशा खान व अन्य.

यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राकेश सदर अस्पताल में रक्त प के प्रभारी चिकित्सा धरी डॉ सिद्धार्थ राज सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा पदाधिकारी हेमंत कुमार मधुरिया व आकाशवाणी से कार्यक्रम कार्यकारी अमित कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया है.

प्रत्यूष कुमार व लिशा खान को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर

वहीं इसके सफल संचालन के लिए एसपी जैन कॉलेज मे अध्ययनरत स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र प्रत्यूष कुमार बघेल व स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा लिशा खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, जो फिलहाल संबंधित महाविद्यालय मे एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवक के रूप मे कार्य कर रहे है. इसी को ले एसपी जैन कॉलेज स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से उक्त सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य आने वाले दिनों मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा तय करना था. इसके साथ ही चयनित ब्रांड एंबेसडर के साथ कदम से कदम मिला कर कार्य करने की योजना भी बनायी गयी.

Premium

02/08/2021

न्यू इंडिया @ 75 अभियान B+

आगामी वर्ष भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। केंद्र राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के तहत न्यू इंडिया @75 अभियान का आगाज किया जाएगा।

बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में यह जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 12 अगस्त 2021 से प्रारंभ होकर 30 मार्च 2022 तक तीन चरणों में आयोजित किया जाना है।

रोहतास जिला में इस कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यकारी समूह का गठन किया गया है, जिसमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्तरीय रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ राजीव कुमार को अध्यक्ष, रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय को संयोजक, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार, सदर अस्पताल में रक्त अधिकोष के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ राज सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया व आकाशवाणी सासाराम से कार्यक्रम कार्यकारी अमित कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया है।

इसके निमित्त महाविद्यालय के छात्र व सक्रिय एनएसएस वालंटियर प्रत्यूष कुमार बघेल व निशा खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जूम मीटिंग माध्यम से उपरोक्त उल्लेखित सदस्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करने की योजना बनाई गई।

P.O., N.S.S. I

अध्यक्ष / प्राचार्य

13/08/2021

योग प्रशिक्षण कार्यक्रम – 2022 — B+

ससमी जैन कॉलेज में शुक्रवार को न्यू इंडिया @75 अभियान के तहत दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुरुचरण सिंह, रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पांडेय, महर्षि पतंजलि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के केंद्र निदेशक सोनू पांडेय, प्रो. अजरा प्रवीण व प्रो. अतिबाला सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

महर्षि पतंजलि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के प्रशिक्षक सत्यानंद, सूरज कुमार व संजय कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के सफल आगाज में स्वयंसेवक प्रत्यूष कुमार बघेल, विशाल गुप्ता, अमृतांशु कुमार, रवि कुमारी, प्रशांत कुमार, सिद्धार्थ कुमार, ललित कुमार, चंदन सोनी, अंकित चौबे, राघवेंद्र कुमार सहित एनसीसी कैडेट्स भी मौजूद थे।

कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में एनसीसी पदाधिकारी प्रो अतिबाला सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

P.O.
N.S.S.I

अध्यक्ष/प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner

अमृत महोत्सव प्रतियोगिता में तीन प्रतिभागी हुए चयनित

सासाराम | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर न्यू इंडिया 75 अभियान के तहत बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा पूरे राज्य में एचआईवी, एड्स, रक्तदान व टीबी जागरूकता से संबंधित शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए जिले से तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शहर के

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

- आजादी के 75 वें वर्ष में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा न्यू इंडिया अभियान में प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में जिले के सभी इलाकों से शामिल प्रतिभागियों में तीन का आगे के लिए किया गया चयन

एसपी जैन कॉलेज को टीबी विषय पर वीडियो बनाने के लिए निर्देश दिया गया था। इससे संबंधित कुल 13 वीडियों में से सोनल कुमारी, चंदन कुमार सोनी व स्वाती श्रीवास्तव का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर किया गया है।

प्रतियोगिता के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय द्वारा गठित जिलास्तरीय कमेटी ने सोनल कुमारी को प्रथम, चंदन कुमार सोनी को द्वितीय व स्वाति श्रीवास्तव को तृतीय स्थान पर चयनित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आगे भेज दिया गया है।

निर्णायक मंडली में जिला नोडल पदाधिकारी के साथ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मधुरिया, सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थराज सिंह, आकाशवाणी के कार्यक्रम कार्यकारी अमित कुमार व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. राजीव कुमार शामिल थे। चयनित तीनों छात्र शहर के एसपी जैन कॉलेज के छात्र हैं। छात्रों का चयन होने पर प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक अब लगातार समाजसेवा व जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ रहे हैं। यह कॉलेज प्रबंधन के साथ सभी लोगों के लिए गर्व का विषय है।

प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेस्डर प्रत्युष बघेल व लिसा खान ने इसमें युवाओं को शामिल होने के लिए प्रेरित किया था। वहीं राज्य ब्रांड एंबेस्डर सत्यम कुमार ने राज्य स्तर पर पहुंचने वाले कॉलेज के स्वयंसेवकों को बधाई दी है। विदित हो कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। न्यू इंडिया 75 अभियान का दूसरा चरण अक्टूबर महिने में शुरू होगा। जहां जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाएंगे।

17/08/2021

न्यू इंडिया @ 75 अभियान : प्रथम सप्ताह B+

इस अभियान के तहत बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के तत्वाधान में एचआईवी, एड्स, रक्तदान व टीबी जागरूकता विषय पर शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इसके लिए रोहतास जिले से श्री जैन कॉलेज, सासाराम को नोडल केंद्र बनाकर टीबी विषय आवंटित किया गया है। इस विषय पर इससे संबंधित कुल 13 वीडियो में से सोनल कुमारी, चंदन कुमार सोनी व स्वाति श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इनका चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर किया गया।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडेय, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया, सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ राज सिंह, आकाशवाणी के कार्यक्रम कार्यकारी अमित कुमार व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. राजीव कुमार शामिल थे।

